हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–230 : जौनपुर, सोमवार 20 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## 5 पीएचडी इंक्रीमेंट को लेकर डिग्री कॉलेज के शिक्षकों का प्रदर्शन आज भी जारी

प्रतापगढ़ ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : प्रताप बहादुर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, प्रतापगढ़ के शिक्षक सरकार से यूजीसी रेगुलेशन 2018 के तहत 5 पीएचडी इंक्रीमेंट की मांग कर रहे हैं जिसको लेकर प्रदेश शिक्षक संघ व प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष माननीय डा पी के सिंह के नेतृत्व में समस्त डिग्री कालेज के शिक्षक आंदोलनरत हैं जिसके तहत अपनी बाजू में काली पट्टी बांधकर महाविद्यालय स्तर पर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। डा. शिव प्रताप सिंह का कहना है जब तक सरकार हमें पांच पीएचडी इंक्रीमेंट, प्रोफेसर पद नाम, चिकित्सीय सुविधा व पुरानी पेंशन बहाली नहीं दे देती है तब तक हम आंदोलन और सरकार का विरोध करते रहेंगे। डा. अखिलेश मोदनवाल ने बताया 5 पीएचडी इंक्रीमेंट देने के लिए सरकार के निर्देश पर क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा वित्त विभाग ने समस्त डिग्री कॉलेज के पीएचडी धारक शिक्षकों के डाटा इकट्ठा कर चुकी है वह भी एक बार नहीं बल्कि दो–दो बार, परंतु इस विषय पर कोई भी शासनादेश ना आने के कारण अभी तक यह सुविधा शिक्षकों को नहीं मिल पा रही है। ऋ'पी.एच.डी. महज डिग्री नहीं है, यूजीसी बताती है पीएचडी कोर्स डिग्री के अलावां एक कार्य अनुभव है इसलिए पीएचडी धारक शिक्षक को असिस्टेंट प्रोफेसर पद के जॉइनिंग के टाइम से ही पांच पीएचडी देने का प्रावधान है। जो शिक्षक नौकरी के दौरान पीएचडी डिग्री हासिल करते हैं उनको भी 3 पी एच डी इंक्रीमेंट मिलेगा ऐसा यूजीसी रेगुलेशन 2018 में कहा गया है। महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डा सी पी पांडे बताते हैं समान कार्य समान वेतन के तहत जब केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों को 5 पीएचडी इंक्रीमेंट, चिकित्सीय सुविधा, प्रोफेसर पद नाम मिलता है तो डिग्री कॉलेज के शिक्षकों को आखिर क्यों नहीं?शिक्षकों का एक मत है कि यदि डिग्री कॉलेज के शिक्षकों की मांग शासन नहीं मान लेती है तो समस्त शिक्षक गण शिक्षक संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में विश्वविद्यालय मुख्यालय पर दिनांक 24 दिसंबर 2021 को धरना प्रदर्शन करेंगे फिर भी यदि सरकार शिक्षकों के प्रति निरंकुश बनी रही तो 5 पीएचडी इंक्रीमेंट, ड्यू डेट से प्रोफेसर पद नाम, चिकित्सीय सुविधा, पुरानी पेंशन बहाली इत्यादि विषयों को लेकर 3 जनवरी 2021 को विधानसभा का घेराव करने के लिए मजबूर है।

## उमेंद्र सिंह प्राथमिक के व चंद्रप्रकाश मिश्रा पूर्व माध्यमिक के चुने गए अध्यक्ष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद जौनपुर के ब्लाक ईकाई महराजगंज का चुनाव जनपदीय अध्यक्ष द्वय अमित सिंह व सुशील उपाध्याय की उपस्थिति में चुनाव पर्यवेक्षक जनपदीय संगठन मंत्री अश्विनी कुमार सिंह व चुनाव अधिकारी मनीष सिंह सोमवंशी, संतोष सिंह बघेल,शैलेश चतुर्वेदी के देख रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से उमेंद्र सिंह को प्राथमिक शिक्षक संघ महराजगंज ब्लाक इकाई का अध्यक्ष व मानकचंद यादव ब्लाक मंत्री चुने गए। साथ ही सजंय कुमार सिंह सरंक्षक चुने गए तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री पद पर हेमन्त कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर सुनील, उपाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र मिश्र, विजय बहादुर यादव, नागेंद्र मिश्र व रागिनी। संगठन मंत्री पद पर क्षत्रधारी सिंह, सुभाष चंद्र, प्रचार मंत्री पद पर राहुल सरोज तथा मीडिया प्रभारी पद पर शशि गुप्ता का चयन हुआ।इसके साथ ही पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई महराजगंज से सर्वसम्मति से यदुवंशी तिवारी सरंक्षक, चंद्रप्रकाश मिश्रा अध्यक्ष, श्रीकांत विश्वकर्मा मंत्री, दलसिंगार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, व राजेश कुमार तथा रश्मि त्रिपाठी उपाध्यक्ष एंव अवनीश कुमार सिंह संयुक्त मंत्री, पंचम राम बिंद कोषाध्यक्ष तथा विजय मौर्य का चयन मीडिया प्रभारी पद पर हुआ। इस अवसर पर जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह ने भारी संख्या में उपस्थित शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संघर्ष के इस दौर में हमें एकजुट होकर एक श्वर में लड़ाई लड़ने की जरूरत है। और हमें पूर्ण विश्वास है कि महराजगंज के ऊर्जावान क्रांतिकारी साथी इसमें हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए संघर्ष को व संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।



इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की नवनिर्वाचित कार्यसमिति के कार्यों के आधार पर भविष्य में महराजगंज के समस्त शिक्षकों के विश्वास को जीतते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष उमेंद्र सिंह व चंद्रप्रकाश मिश्र ने संयुक्त रूप से बीआरसी महराजगंज प्रांगण में ब्लाक शिक्षक कार्यसमिति के गठन में उपस्थित भारी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाओं व जनपदीय इकाई का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं आप सभी को पूर्ण रूप से आश्वस्त करता हूँ कि नवनिर्वाचित शाहगंज कार्यसमिति पूरी निष्ठा ईमानदारी से शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहेगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश सिंह, जनपदीय संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह ''टोनी'' मांडलिक मंत्री सजंय सिंह, मांडलिक उपाध्यक्ष डॉ संतोष तिवारी, सुधांशु दूबे, सहित भारी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन आदर्श प्रधानाध्यापक केशव प्रसाद सिंह ने किया।

## थाना कोतवाली पुलिस ने एक शातिर अपराधी को एक देशी अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस 303 बोर के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में पुलिस टीम थाना कोतवाली जनपद जौनपुर द्वारा किला तिराहा के पास से एक शातिर अपराधी को एक देशी अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 303 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 349/21 धारा 3/25आर्म्स एक्ट बनाम मो0 नेहाल पुत्र मो0 इमरान नि0 अजमेरी थाना कोतवाली जनपद जौनपुर के पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त– 1. मो0 नेहाल पुत्र मो0 इमरान नि0 अजमेरी थाना कोतवाली जनपद जौनपुर । बरामदगी का विवरण– 1– एक अदद देशी अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस 303बोर। आपराधिक इतिहास– मो0 नेहाल पुत्र मो0 इमरान नि0 अजमेरी थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 1.मु0 अ0 स0 349/21 धारा 3/25आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जौनपुर। 2– मु0 अ0 स0 302/19 धारा 8/22NDPS एक्ट थाना कोतवाली जौनपुर। 3–मु0 अ0 स0 468/18




धारा 8/22NDPS एक्ट थाना कोतवाली जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, थाना कोतवाली, जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 चन्दन कुमार राय चौकी, प्रभारी राजकालेज थाना कोतवाली, जनपद जौनपुर। 4. उ0नि0 अरविन्द यादव चौकी, प्रभारी सिपाह थाना कोतवाली, जनपद जौनपुर। 5. हे0 का0 नमो नारायण राय, कां0 पप्पू प्रकाश गौड़, कां0 राजकुमार यादव, थाना कोतवाली जौनपुर

## विकास कैसे होता है इसे प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कर दिखाया : योगी आदित्यनाथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि परिवार और वंशवाद की राजनीति करने वालों ने यूपी को बदहाल कर दिया था। ऐसी राजनीति करने वाले भारत को विकास नही कर सकते। मुख्यमंत्री मछलीशहर के फौजदार इंटर कालेज के मैदान में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। सभा में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 1538 करोड़ रुपये की लागत से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग (86 किमी) एवं 348 अन्य विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किया। सभा में घ्केन्द्रीय मंत्री का स्वागत कर मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेकर कहा कि पिछली सरकार सरकारी खजाने में डकैती डाल शासन की योजनाओं को सिर्फ अपने चहेतों को दिया करती थी। गरीब व किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहते थे। जब भी कोई नौकरी निकलती थी, तो पूरा खानदान निकल पड़ता था। लेकिन भाजपा सरकार में आज गरीबों व पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। घ्भाजपा सरकार ने पांच साल में ईमानदारी के साथ पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में एक तरफ बुलडोजर सड़क पर चलता है, दूसरी तरफ माफियाराज पर चलाया जा रहा है। सड़क बनाने के साथ ही गुंडों और माफिया की छाती को भी रौंदा जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ कर कहा कि भारत की दुनिया में मजबूत छवि उभर रही है। भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर है। आज भारत का पुरी




दुनिया के अंदर सम्मान बढ़ा है। छोटी सोच के लोग बड़ा काम नहीं कर सकते हैं। पिछली सरकार के लोगों की सोच संकुचित और छोटी थी। विकास कैसे होना चाहिए, इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी ने कर दिखाया है। हमें 2022 में नया उत्तर प्रदेश बनाना है। हम समस्या को समस्या नहीं बनने देना चाहते। हम समस्या के समाधान करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग कोविड वैक्सीन का विरोध कर रहे थे उनका ही विरोध कर देना है। वे जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे थे। गरीब को बचाने का विरोध कर रहे थे। जनसभा के दौरान राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ,मछली शहर सांसद बीपी सरोज, बीजेपी जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ,शहरी आवास विकास राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव ,मड़ियाहूं विधायक लीना तिवारी, जफराबाद विधायक हरेंद्र प्रताप सिंह, केराकत विधायक दिनेश चौधरी, बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंघानिया, अमित श्रीवास्तव, सहित दर्जनों भाजपा के नेता व पूर्व विधायक मौजूद रहे।

## छोटी सी चूक से कोर्ट फीस में गंवाई मेहनत की कमाई

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पादरी बाजार की रहने वाली सावित्री देवी के पति की मौत मई में कोरोना संक्रमण के चलते हो गई थी। मौत के कुछ महीने बीत जाने के बाद सावित्री देवी घर पर रखे पति के नाम के 26 लाख की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) को बैंक ले गईं तो पता चला उसमें कोई नॉमिनी ही नहीं है। नॉमिनी न होने पर बैंक प्रबंधक ने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लाने के बाद ही भुगतान की व्यवस्था बताई। प्रबंधक के कहे अनुसार सावित्री ने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए कोर्ट गईं और औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद जब कोर्ट फीस सुना तो दंग रह गईं। अधिवक्ता ने बताया कि 26 लाख के लिए उन्हें 2.20 लाख रुपये का कोर्ट फीस जमा करना होगा और अधिवक्ता का खर्च अलग। कोई रास्ता न देख मजबूरन सावित्री ने 2.20 लाख रुपये उधार लेकर जमा करा दिए। नॉमिनी न कराने की चूक केवल सावित्री पर ही भारी नहीं पड़ी, इस तरह की आर्थिक चोट कइयों को लग रही है। बशारतपुर की रहने वाली अनामिका शुक्ला को भी इसी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बनवाने के लिए डेढ़ लाख रुपये बतौर कोर्ट फीस जमा करना पड़ा। कोरोना महामारी ने लाखों लोगों को असामयिक मौत के मुंह में धकेल दिया है। कई मामले ऐसे भी आए हैं जिसमें व्यक्ति द्वारा नॉमनी नहीं बनाने के कारण परिवार को वित्तीय लाभ नहीं मिल पाया है। इस तरह की परेशानी से बचने के लिए वित्तीय सलाहकारों का कहना है कि हर किसी को अपने सभी निवेश में नॉमनी बनाना चाहिए। अगर, किसी ने नहीं बनाया है तो बिना देरी किए नॉमिनी बना लें। अधिवक्ता जगदीश्वर दयाल मिश्रा ने बताया कि नॉमिनी का मतलब उस व्यक्ति से है जिसे आपने अपने न रहने की स्थिति में निवेश की रकम संभालने के लिए नॉमित किया है। नॉमिनी का चयन व्यक्ति की आसमायिक मौत के बाद की प्रक्रिया को आसान बना देता है। नॉमिनी न होने की स्थिति में पैसा मिलना मुश्किल होता है। कानूनी दांवपेच में लंबा समय निकल सकता है। इन वित्तीय मामलों में नॉमनी जरूरी जीवन बीमा, पीपीएफ, ईपीएफओ, बैंक–डाकघर के सभी खाते, डीमैट खाते, नेशनल पेंशन स्कीम, म्यूचुअल फंड, प्रॉपटी और अब कार–बाइक के रजिस्ट्रेशन में नॉमिनी जरूरी किया गया है। परिवार के सदस्य को नॉमिनी बनाना बेहतर अधिवक्ता जगदीश्वर दयाल मिश्रा ने बताया कि नॉमनी अपने जीवन साथी (पति/पत्नी) अपने बच्चे, आपके माता–पिता, परिवार का कोई और सदस्य या फिर अपने किसी खास मित्र को भी बनाया सकता है। हालांकि, मित्र की जगह हमेशा परिवार को तवज्जो देनी चाहिए। ऐसा इसलिए कि बाद में कोई परेशानी न हो। एक साथ तीन नॉमिनी बनाना संभव कई मामले ऐसे भी मिले हैं जिसमें पिता ने अपने किए निवेश में तीन लड़के होने के कारण किसी को नॉमिनी नहीं बनाया। बाद में उनको परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषज्ञों का कहना है कि कई जगह आसानी से तीन नॉमिनी आसानी से बना सकते हैं और सबके शेयर भी पहले से विभाजित कर सकते हैं। अगर आप नहीं रहते हैं तो बाद में उसमें जमा पैसा तीनों में बराबर बांट दिया जाता है। इन नियमों की जानकारी जरूरी नॉमिनी नाबालिग तो अभिभावक नियुक्त करना जरूरी एक से ज्यादा नॉमिनी नियुक्त कर सकते हैं नॉमिनी को कई बार बदल सकते हैं नॉमिनी हमेशा संपत्ति का हकदार नहीं होता है नॉमिनी बनाने पर भी वसीयत बनाना जरूरी नॉमिनी है पर वसियत नहीं तो संपत्ति का बंटवारा कानून के हिसाब से होगा विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना संकट नॉमिनी के साथ आपको अपना एक लीगल वसीयत भी तैयार करानी चाहिए। अगर आपकी कोई लीगल वसीयत है तो आपके सभी तरह के जमा, निवेश आसानी से आपके उत्तराधिकारियों को मिल जाएंगे।

## जल्द जारी हो सकता है यूपी पुलिस 9534 एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीबीपीबी) की पुरुषों एवं महिलाओं के लिए उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस, प्लाटून कमाण्डर, पीएसी व अग्निशमन द्वितीय अधिकारी (पुरुष) के 9534 पदों पर सीधी भर्ती–2020–21 के लिए 12 नवंबर 2021 से 02 दिसंबर 2021 तक तीन चरणों में चली लिखित परीक्षा का रिजल्ट जल्द जारी किया जा सकता है। क्योंकि परीक्षा के आंसर की पर आपत्ति दर्ज कराने की लास्ट डेट 16 दिसंबर 2021 थी जो कि निकल चुकी है। अब यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड अभ्यर्थियों की ओर से मिली



आपत्तियों का निस्तारण करने बाद जल्द ही रिजल्ट घोषित कर सकता है।यूपी पुलिस आई भर्ती परीक्षा 2021 का रिजल्ट यूपीपीबीपीबी की आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जारी किया जाएगा। रिजल्ट जारी होने के बाद सफल अभ्यर्थी अपना नाम व रोल नंबर चेक कर सकेंगे।

**आवश्यक सूचना**

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## आगामी युवा सम्मेलन को लेकर युवा मोर्चा भाजपा जौनपुर की तैयारी बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी 27 दिसंबर को मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में होने वाले युवा सम्मेलन के तैयारी हेतु तरहठी मंडल, मुंगराबादशाहपुर नगर मण्डल एवं पवारा मंडल की बैठक संपन्न हुई। प्रत्येक मण्डल के बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिव्यांशु




सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से होने वाले युवा सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई तथा कार्यक्रम का स्थान निश्चित किया गया। युवा सम्मेलन का कार्यक्रम सार्वजनिक इंटर कॉलेज के ग्राउंड में संपन्न होगा। जिलाध्यक्ष दिव्यांशु सिंह ने वहां उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रत्येक मण्डल के कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जन सम्पर्क कर पार्टी की रीति नीति को बताये, केंद्र सरकार के और प्रदेश सरकार की जन उपयोगी कार्य को जनता तक पहुँचाये और जनता से अपील कर कार्यक्रम स्थल तक लाये। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता जिला मंत्री दैविक कौशिक व मंडल के अध्यक्ष गण एवं कार्यसमिति के साथ शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय संगोष्ठी उन्मुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से किया गया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज बी आर सी करंजाकला के प्रांगण में एकदिवसीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख करंजाकला एवं ए डी बेसिक डॉ अवध किशोर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया। ब्लॉक प्रमुख ने समस्त ग्राम प्रधान व ैडब अध्यक्ष ,सचिव को कायाकल्प संबंधित सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए ए डी ओ पंचायत करंजाकला को निर्देशित किया कि वह सभी ग्राम विकास अधिकारी से सम्पर्क कर



कायाकल्प सम्बंधित कार्य को पूर्ण कराये।ए डी ओ पंचायत ने विद्यालय में साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारी को प्रतिदिन विद्यालय पर समय से उपस्थित होने को कहा।यदि सफाई कर्मचारी नहीं पहुँचते है तो इसकी सूचना खण्ड शिक्षाधिकारी के माध्यम से मुझे अवगत कराया जाय जिससे हम उचित कार्यवाही कर निराकरण कर सकें। ए डी बेसिक महोदय ने संगोष्ठी के माध्यम से शैक्षिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का उत्साह व ऊर्जा देकर शिक्षक को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने को कहा। ए आर पी संदीप कुमार चौधरी ने वीडियो के माध्यम से निपुण भारत एवं मिशन प्रेरणा की गतिविधियों को सभी को विस्तृत रूप से अवगत कराया। करंजाकला ब्लॉक को प्रेरक ब्लॉक बनाने के लिए शिक्षकों के कार्यो को प्रदर्शित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधान व विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष से अपील की आप सभी अपने अपने ग्राम सभा में अभिभावक को डी बी टी के माध्यम से प्राप्त धनराशि का उचित उपयोग करने के लिए जागरूक करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से ए आर पी डॉ मनोज सिंह,अच्छे लाल चौधरी, सतीश चंद्र मौर्य,जगदीश यादव,अतुल सिंह,इन्दु प्रकाश ,राममूरत यादव,संजय सिंह , संजीव अस्थाना, अनिल यादव ,सुनील यादव सहित तमाम शिक्षक व प्रबन्ध समिति अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**सब्र कोई कमजोरी नही होती है, ये वो ताकत है जो सब में नहीं होती–**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# दान...

प्रकृति का नियम है कि जो देता है वह पाता है और जो रोकता है वह सड़ता है। जैसे गांवों में छोटे तालाब होते हैं अक्सर वर्षा काल में उस तालाब में पानी भर जाता है परंतु वह तालाब किसी को भी अपना पानी नहीं देता और समय के साथ–साथ उस तालाब का पानी घटने लगता है और गर्मियों में उसमें गंध के साथ–साथ सूखने की कगार पर पहुंच जाता है, किंतु वहीं नदियों और झरनों में सदैव स्वच्छता और गतिशीलता बनी रहती है क्योंकि नदियां और झरने अपना पानी दूसरी छोटी नदियों ,नहरों एवं समुद्र को देती रहती हैं इसलिए नदियां और झरने कभी नहीं सूखती सदैव कल– कल करके मुस्कुराते हुए बहती रहती हैं।

वैसे तो दान देने की परंपरा सनातन काल से ही है, किंतु हमें प्रकृति से ही इसकी सीख मिलती है। जिस प्रकार वृक्ष हमें फल और ऑक्सीजन देते हैं, फूल हमें सौम्य सुगंध देते हैं और इन वृक्षों की टहानियों एवं पुष्पों की खूबसूरती इनकी जड़े जमीन की गहराई से लाकर देती हैं। तथा जड़ों में पानी वर्षा काल में बादलों के बरसने से मिलता है और ये बादल समुद्र से बनते हैं तथा समुद्र बड़े–बड़े ग्लेशियर के पिघलने एवं नदियों के पानी से बढ़ता रहता है। उसी क्रम में हिमालय अपनी बर्फ गलाकर नदियों को जल देती रहती है और हिमालय पर बर्फ जमने का क्रम प्रकृति ने जारी रखा है ताकि नदियों को इसी तरह अपना जल देने की दानवीरता में कभी भी कमी ना आ सके। इसी तरह प्रकृति का एक– दूसरे को देने का नियम चक्रीय रूप से चलता रहता है। और सभी का संतुलन भी बना रहता है।

यह सर्वदा सत्य है कि आज का दिया हुआ भविष्य में कई गुना बढ़कर अवश्य मिलेगा इतना अवश्य विश्वास रखें कि जो देता है उसकी भरपाई प्रकृति/ ईश्वर अवश्य करता है। क्योंकि जिस प्रकार प्रकृति ने एक–दूसरे को देने का नियम बनाया है तो यह नियम मनुष्य जीव पर भी लागू होगा, क्योंकि हम सभी प्रकृति या ईश्वर के बनाए हुए जीव और उसका एक अंग हैं। यदि प्रकृति/ईश्वर ने हमें देने लायक बनाया है तो हमें उसका कुछ अंश दान करके इस संतुलन को बनाए रखाना होगा।

आज भारत जैसे देश में ऐसे बहुत से जरूरतमंद, असहाय, व कमजोर लोग हैं जिन्हें थोड़ी सी सहायता की आवश्यकता है, ऐसे बहुत से दिव्यांग बच्चे हैं जिन्हें सहारे की सख्त जरूरत है, ऐसे बहुत से अभागे अनाथ बच्चे हैं, जिन्हें थोड़ा– सा प्यार और हमदर्द साथी की जरूरत है। बहुत से ऐसे भी गरीब बच्चे हैं जो पढ़ने लिखने और आगे बढ़ने की बहुत इच्छुक हैं किंतु समस्याओं में ऐसे घिरे हैं कि जीवन भर उबर ही नहीं पाते। ऐसे बहुत से बुजुर्ग हैं जिनकी देखरेख और सहारा देने वाला कोई नहीं है यह सभी भी प्रकृति के बनाए हुए एक जीव हैं, जिन्हें आज अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए थोड़े से साहस और सहायता की आवश्यकता है।

हममें से प्रत्येक को यह अच्छी तरह एहसास है कि हम चाहे कितनी ही बड़ी इमारतें, भवन एवं धन संपत्ति बना ले अंततः उसका कोई अर्थ नहीं निकलेगा जिस प्रकार पूर्व में हमारे बुजुर्गों / पूर्वजों ने इस धरती /मृत्युलोक से अपने शरीर समय आने पर त्याग दिया, उसी तरह एक दिन हमें भी इस मायाजाल की मायानगरी की मोह को छोड़ना ही पड़ेगा। यह अकाट्य सत्य है, इसमें कोई भी व्यक्ति संदेह नहीं कर सकता। किंतु अगर किसी को कुछ याद भी रहेगा तो वह समाज और देश के लोगों के प्रति हमारे द्वारा किए गए सत्कर्म ही याद आएंगे।

बचपन में मेरे पिताजी ने मुझे अपने जीवन का एक सिद्धांत बताया था की बेटा अगर कभी ध्1 कमाना तो 50 पैसे अपने और अपने परिवार के लिए खर्च करना उसमें से 25 पैसे भविष्य के लिए बचाना और कोशिश करना कि बचे हुए 25 पैसे जरूरतमंद लोगों को किसी ना किसी रूप में अवश्य दान करना तुम जीवन में सदैव सुखी और खुशहाल रहोगे और प्रभु से जो कुछ भी दिल से मांगोगे वह अवश्य पूर्ण होगा। प्रकृति/ ईश्वर उसी को देता है जो दूसरों को देता है पिताजी का यह सिद्धांत पूर्णतया सत्य था जो मेरा व्यक्तिगत अनुभव है।

वास्तव में देखा जाए तो मनुष्य की इच्छा अनंत (जिसका कोई अंत नही) है, यहां व्यक्ति की बहुत सी महत्वाकांक्षाएं है जो समय–समय पर जन्म लेती रहती हैं, मनुष्य असीमित धन की प्राप्ति लोभ, मोह का वशीभूत होकर ऐसे फंस जाता है कि उसके पास सत्य और असत्य की परख करने का वक्त ही नहीं मिलता और अपने मनुष्य जीवन को अत्यधिक लालसा के पीछे भागते– भागते असत्य और अंधकार की ओर बढ़ने लगता है। अंततः एक दिन वह अपनी सारी धन संपत्ति को इस प्रकृति/ धरती के सुपुर्द छोड़ जाता है ।जब व्यक्ति का अंतिम समय आ जाता है तब उसे इस सत्य का एहसास होता है उस समय उसकी सारी ऊंच–नीच, छोटा– बड़ा, समानता –असमानता एवं मैं बड़ा हूं, मैं बड़ा हूं, जैसे अहंकारी दुष्ट सोच उसके जीवन के साथ ही समाप्त हो जाती है। इसलिए प्रकृति ने हमें जीवन दिया है, धन दिया है तो हमें भी उसका कुछ अंश दान करना ही होगा तभी हम प्रकृति के नियम का अनुसरण करने में सफल होंगे।

आज भारत में बहुत सारे स्कूल, कालेज, अस्पताल, अनाथालय हैं जहां प्रकृति के इस नियम के कारण चल रहे हैं बहुत सारे दानवीर और महान लोग इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं, किंतु उन सभी के साथ– साथ हम सभी का भी यह कर्तव्य है कि हम सब मिलकर अपना कर्तव्य समझते हुए गांव ,समाज और देश की कमजोर, दिव्यांग, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ भाव से मदद करके देश की उन्नति में अपना थोड़ा– सा योगदान करें जिससे हमारा प्यारा भारत देश और भारत के होनहार बच्चे, बुजुर्ग, किसान, गरीब, असहाय, बेसहारा सभी विकास के पथ पर आगे बढ़े जिससे देश का भविष्य और भी उज्जवल बने।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

**–सुरेंद्र शर्मा उत्तर प्रदेश शासन।**

## तरैना पुल पर पल्सर सवार तीन बदमाशों ने कनपटी पर असलहा सटाकर दो बाइक सवार लोगो से नगदी व मोबाइल लूटा : पुलिस ने घटना से किया इन्कार

गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमारः खजनी तहसील के सिकरीगंज थाना व हरनही चौकी क्षेत्र के अंतर्गत हरिहरपुर मोड़ से आगे तरैना पुल पर शनिवार देर शाम पल्सर सवार मुंह पर गमछा बांधे तीन बदमाशों ने 200 मीटर की दूरी के अंतराल पर असलहा सटाकर दो बाइक सवारों से नगदी समेत मोबाइल लूटकर फरार हो गए,पीड़ित वारदात के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दिए, सिकरीगंज पुलिस ने पीड़ित को बदमाशो के अनेक फोटो दिखाए जिसमे एक फोटो को पीड़ित ने पहचान लिया लेकिन पुलिस बदमाशों को तलाशने के बजाय लूट की घटना से इंकार कर रही है,इस संबंध में सिकरीगंज थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया हमारे क्षेत्र में कोई लूट की घटना नहीं घटित हुआ है,चौकी इंचार्ज नित्यानंद पांडेय ने बताया मोबाइल गिरने की सूचना मिली है लूट की सूचना गलत है, जानकारी के मुताबिक बेलघाट थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव निवासी महावीर मिश्रा पुत्र स्व शिव बहादुर मिश्रा ने बताया मैं गोरखपुर फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता हु,मैं शनिवार शाम को एचएफडीलक्स मोटरसाइकल द्वारा गोरखपुर से गांव की तरफ वापस जा रहा था,साय 7 बजे के करीब तरैना पुल के पार जैसे पहुंचा वैसे पल्सर सवार कपड़े से मुंह बांधे तीन बदमाशो ने मेरे कनपटी पर असलहा सटाकर पर्स में रखा 5 हजार व मेरा मोबाइल छीन लिया,विरोध करने पर बाइक की चाभी जमीन पर फेककर भैसा बाजार की तरफ फरार हो गए,इस घटना के बाद सिकरीगंज थाने में पहुंचकर तहरीर दिया लेकिन कोई वैधानिक कार्यवाही नही हुआ उधर भैसा बाजार की तरफ घटना से 200 मीटर की दूरी पर दूसरा घटना घटित हो गया,बेलघाट थाना क्षेत्र के कुआ गांव निवासी रोहित सिंह पुत्र विजय सिंह फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है वह अपने घर वापस जा रहे थे, पल्सर सवार तीनो बदमाशो ने वारदात के तुरंत बाद रोहित सिंह की मोटरसाइकल रोक दी,और उनकी तलाशी के बाद कुछ न मिलने पर मोबाइल छीनकर फरार हो गए, वारदात के बाद पीड़ित हरनही चौकी पर पहुंचकर तहरीर दिए लेकिन वहा भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही किया गया, दोनो पीड़ित थाने का चक्कर लगा रहे है लेकिन दोनों थाने की पुलिस लूट की मुकदमा दर्ज करने से कतरा रही है।

## कॉलेज में आपत्तिजनक हालत में युवक–युवती को टोकने पर प्रोफसर पर हमला : मुकदमा दर्ज

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सेंट एंड्रयूज कॉलेज परिसर में युवक–युवती को आपत्तिजनक हरकत में देखकर टोकने पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुग्रह तिवारी पर शनिवार को हमला करने का मामला सामने आया है। छात्रसंघ चौराहे पर रोककर मनबढ़ों ने प्रोफसर की कार का शीशा तोड़ दिया। प्रोफेसर के कार से बाहर आने पर उनसे हाथापाई शुरू कर दी। राहगीरों को जुटता देख मनबढ़ फरार हो गए। एसोसिएट प्रोफेसर की तहरीर पर कैंट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ तोड़फोड़ कर हमला करने की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, सेंट एंड्रयूज कॉलेज में अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुग्रह तिवारी शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे अपनी कार से छात्रसंघ चौराहे की तरफ जा रहे थे। एक नर्सिंग होम के सामने वह कार लेकर पहुंचे थे कि तभी दो बाइक सवार तीन युवक पहुंचकर कार को रोक दिए। प्रोफेसर के कार रोकने पर कॉलेज में हुई घटना को लेकर बदसलूकी करने लगे। अभी प्रोफेसर उनको समझा ही रहे थे कि मनबढ़ उनके कार के शीशे पर पत्थर से हमला कर तोड़ दिए और हाथापाई शुरू कर दिए। राहगीरों को एकत्र होता देख बाइक सवार मनबढ़ वहां से फरार हो गए। घटना के बाद एसोसिएट प्रोफेसर ने इसकी सूचना कैंट पुलिस को दी। बताया कि शनिवार को कॉलेज कैंपस में एक लड़का और एक लड़की आपत्तिजनक हरकत कर रहे थे। उनको ऐसी हरकत से मना करते हुए कॉलेज से बाहर जाने को कहा। इसके बाद तुरंत ही दोनों बाहर चले गए। आशंका है कि इसी वजह से उनकी कार रास्ते में रोककर मनबढ़ों ने हमला किया है। इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। बताए गए बाइक नंबर के माध्यम से युवकों की पहचान की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रेमिका संग पति को पकड़ने पर चढ़ गया पत्नी का ‘पारा‘ : बीच सड़क पर हुआ ऐसा कि लग गई भीड़

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : आगरा के बसई अरेला क्षेत्र में पति को दूसरी युवती के साथ देख पत्नी ने आपा खो दिया। उसने पति की प्रेमिका की चप्पलों से पिटाई कर दी। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को पकड़ कर थाने ले आई। बीचबचाव में आए पति को भी पीटा। पुलिस के मुताबिक आगरा निवासी एक युवक का पिनाहट क्षेत्र की युवती से संबंध है। बुधवार को युवक बसई अरेला क्षेत्र पहुंचा और युवती को फोन करके बुला लिया। पति के इस संबंध की भनक पत्नी को भी थी। वह भी पीछे से वहां पहुंच गई। पति को दूसरी युवती के साथ देख पत्नी आगबबूला हो उठी। उसने पति की प्रेमिका की चप्पलों से पिटाई कर दी। बीच–बचाव करने पर पति को भी पीटा। इस दौरान सड़क पर तीनों के बीच जमकर मारपीट हुई।



यह देख जुटे लोगों ने बीच बचाव किया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। थाना प्रभारी बसई अरेला विपिन कुमार का कहना है कि शादीशुदा युवक का एक युवती से प्रेम संबंध है। तीनों में झगड़ा होने पर पुलिस उन्हें थाने ले आई थी, पर यहां दोनों पक्ष में समझौता हो गया। इसके बाद हिदायत देकर तीनों को छोड़ दिया गया।

## अखिल भारतीय स्नातक संघ ने स्नातक बेरोजगारों को रोजगार देने का लिया संकल्प

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) अखिल भारतीय स्नातक संघ ने स्नातक बेरोजगारों को रोजगार देने का लिया संकल्प जनपद स्तर पर गठन कर बेरोजगार अध्यापकों को जागरूक करने का लिया निर्णय मदरसा संवाददाता अखिल भारतीय स्नातक संघ की एक बैठक मलिकपुर में के अंबिका तिवारी आईटीआई में संपन्न हुई बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर राकेश पांडे ने स्नातक बेरोजगारों को जगाने का जिम्मा लेते हुए कहा कि उन को स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे हमारी पार्टी और राजनीतिक पार्टी है हम लोग केवल स्नातक के लिए कार्य करेंगे रविवार को बैठक को संबोधित करते हुए जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ राकेश पांडे ने कहा कि अभी तक स्नातक क्षेत्र से जितने मैच हुए हैं वह केवल हम लोगों को ठगने का काम किया है लाली पाप देकर वोट ले लेते हैं और कोई कार नहीं करते हैं इसलिए हम लोगों ने राजनीतिक दल बनाकर केवल अपने अधिकार और संघर्ष के लिए लड़ने का निर्णय लिया है वही स्नातक बेरोजगारों को जागरूक करने के साथ उन्हें स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा जिसमें मधुमक्खी पालन मछली पालन भैंस पालन आदि का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाएगाडॉ राकेश पांडे ने कहा कि इस संगठन का 7 राज्यों में गठन हो गया है अब सभी राज्यों के ब्लॉक स्तर पर इसका गठन कर के साथ उनको ग्राम स्तर पर गठन करने की जिम्मेदारी दी जाएगी जिससे स्नातक क्षेत्र के लोग अपना अधिकार पा सके क्षेत्रीय मंत्री क्षेत्रीय अध्यक्ष देव दर्शन तिवारी ने भी सभी स्नातकों को एक साथ संगठन में आने की अपील करते हुए कहा कि जब आप लोग साथ हैं कि तभी हम लोग आपका अधिकार दिला पाएंगे जिला अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने भी सभी को साथ आने का आह्वान करते हुए कहा कि हम लोग कंधे से कंधा मिलाकर अपना लड़ाई लड़कर अपना अधिकार लेंगे।

## मिलिटरी इंटेलिजन्स के सूचना पर, सेना ने फर्जी तरीके से नौकरी दिलाने वाले गैंग का पर्दाफाश

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) मिलिटरी इंटेलिजन्स के सूचना पर सेना ने फर्जी तरीके से नौकरी दिलाने वाले गैंग का पर्दाफाश। एक अभियुक्त गिरफ्तार। युवाओं को झांसा देकर लाखों रुपए ऐठ कर देता था फर्जी नियुक्ति पत्र। मिलिट्री इंटेलिजेंस की सूचना पर कैंट पुलिस ने किया गिरफ्तार। अमेठी का रहने वाला है अभियुक्त संदीप कुमार द्विवेदी मार्गदर्शक में मिलिट्री इंटेलिजेंस कि प्राप्त सूचना का संकलन करते हुए प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह थाना कैंट व उप निरीक्षक शिवानंद यादव कांस्टेबल महेंद्र कुमार द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा 448/ 2021 धारा 406/420 में पंजीकृत हुए मुकदमे से संबंधित अधिवक्ता संदीप कुमार द्विवेदी पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी मटियार वगैरा थाना मोतीगंज जनपद अमेठी के थाना परिसर में बयान हेतु उपस्थित आया था विवेचनात्मक कार्यवाही में धारा 467 /468/471 भादवी का अपराधी पाते हुए उपरोक्त अधिवक्ता को दिनांक 18:12 2021 समय 10:20 बजे अस्थान थाना कैंट से गिरफ्तार करते हुए थाना कैंट पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

## आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भूतनाथ मार्केट में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण से व्यापारियों को मुक्ति दिलाने हेतु नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को व्यापारियों का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त अजय द्विवेदी से नगर निगम कार्यालय लालबाग में मिला भूतनाथ मार्केट के व्यापारियों ने भूतनाथ बाजार में लगातार बढ़ते जा रहे अस्थाई अतिक्रमण एवं सड़कों पर ही बड़ी–बड़ी अस्थाई दुकानें बना कर सड़कों को अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की तथा अवैध कब्जों से व्यापारियों को मुक्ति दिलाने की मांग की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ,भूतनाथ मार्केट के कार्यवाहक अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने नगर आयुक्त से भूतनाथ मार्केट में महिलाओं हेतु पिंक टॉयलेट बनवाने की मांग की तथा उन्हें इस आशय का भी पत्र सौंपा नगर आयुक्त ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत ही जोन 7 की जोनल अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा सिंह को अवैध अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए तथा भूतनाथ बाजार में तुरंत ही पिंक टॉयलेट का काम शुरू किए जाने का संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया इसके अतिरिक्त पत्रकारपुरम गोमती नगर के अध्यक्ष गिरीश भार्गव ने पत्रकारपुरम मार्केट में सड़कों पर चौपाइयां एवं दोपहिया वाहनों के बेतरतीब खड़े होने के कारण बाजार में अव्यवस्था की शिकायत की तथा पत्रकारपुरम में पार्किंग व्यवस्था हेतु सहयोग मांगते हुए कार्य योजना



बनाने की मांग की नगर आयुक्त ने पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए भी तुरंत ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए प्रतिनिधिमंडल में भूतनाथ मार्केट के संरक्षक धर्मेंद्र गुप्ता, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष कमल अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, उपाध्यक्ष सौरभ अरोड़ा ,पत्रकारपुरम, गोमती नगर मार्केट के चेयरमैन आनंद रस्तोगी पत्रकारपुरम अध्यक्ष गिरीश भार्गव, महामंत्री संजय कुमार गुप्ता शामिल थे।

## राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विधालय में स्वर्ण पदक पाने के बाद मेधावी छात्र–छात्राओं के चेहरो पर दिखी मुस्कान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार डाक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 26 वें दीक्षांत समारोह में स्नातक व परास्नातक अन्य पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए छात्र–छात्राओं को 107 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।जिसके चलते इस मौके पर राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विधालय में स्वर्ण पदक पाने के बाद मेधावी छात्र–छात्राओं के चेहरो पर मुस्कान साफ साफ झलक रही थी।सोमवार को समारोह की अध्यक्षता करती हुई प्रदेश राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल के हाथों छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।इसमें 30 कुलपति स्वर्ण पदक, 60 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 17 दान स्वरूप पदक प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 1201 स्नातक, परास्नातक उपाधि एवं पीएचडी में 23 उपाधि शोधार्थियों को प्रदान की गई।अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने स्नातक विषय में सर्वाधिक अंक पाने वाले को कुलपति स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया जिसमें बी0ए0 से शुभम, अनुज कुमार वर्मा को बी०एस०–सी०, प्रिया सिंह को बी०कॉम०, अनन्या सिंह को बी०एस–सी० कृषि, अंजली यादव को बी०एस सी० गृहविज्ञान, स्वप्निल त्रिपाठी को बी0टेक० आई०टी०इंजी०, आशीष पाण्डेय को बी0टेक०एम0ई० इंजी0, वकाश खान को बी0टेक० सी०एस०इंजी०, रिया सिंह को बी०टेक०ई०सी०इंजी०, शिवम तिवारी को बी0टेक० सिविल इंजी०, रिचा वर्मा को बी0टेक० इलेक्ट्रीकल इंजी०, सुमित कुमार को बिजुउल आर्ट, अरुण कुमार को बी०पी०एड०, रजा अब्बास मेंहदी एम०बी०बी०एस०, शिवांगी पाल को बी०एस–सी० (आवासीय परिसर), साधना मिश्रा को बी०एड०, लइक अहमद को एल०एल०बी० (त्रिवर्षीय), रूपाली सिंह को एल०एल०बी० (पंचवर्षीय), मंताशा खान को बी०बी०ए०, फातिमा जेहरा वासीम को बी०बी०ए०, श्रुति अग्रवाल को बी०सी०ए० में स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। रिया खरे को बी०सी०ए०, महेन्द्र प्रताप को बी0लिब0 (आवासीय परिसर), कु0 रानी सिंह को बी0एस–सी० (नर्सिंग), रूचि यादव को बी0एस–सी० (पी०बी० नर्सिंग), मोहम्मद नूर फैज को बी0एस–सी० (एम०एल०टी०), कु0 श्रेया सिंह को बी0पी0ई०एस०, छवि प्रकाश मिश्रा को बी०एस–सी० (बी०पी०टी०), रोशनी कुमारी को बी०वोक० एम०सी०जे०, हर्ष श्रीवास्तव को बी०वोक० टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटलिटी में स्वर्ण पदक मिला।इस मौके पर कुलाधिपति स्वर्ण पदक के रूप में पूजा अग्रवाल को एम०ए० हिन्दी, काजल सिंह को एम०ए० अंग्रेजी, रूबी को एम०ए० संस्कृत, मोहम्मद अब्दुल्लाह को एम०ए० उर्दू, शुभम पाण्डेय को एम०ए० समाज शास्त्र, कु0 शिवाली सिंह को एम०ए० राजनीति शास्त्र, अनीता देवी को एम०ए० प्राचीन इतिहास, नेहा चौधरी को एम०ए० शिक्षा शास्त्र, पल्लवी सिंह को एम०ए० मध्यकालीन इतिहास, अम्बिका गुप्ता को एम०ए० अर्थशास्त्र, संजीत कुमार गुप्ता को एम०ए० दर्शन शास्त्र, अभिषेक कुमार सिंह को एम0ए0 भूगोल, कु० सीमा गुप्ता को एम०ए० रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन, प्राची सिंह को एम०ए० मनोविज्ञान, पूनम पाण्डेय को एम०ए० गृह विज्ञान, कीर्ति पाण्डेय को एम0ए0 संगीत (गायन), सुन्दरी वर्मा को एम०ए० चित्रकला, कु0 प्रगति सिंह को एम०एस–सी० भौतिक विज्ञान, अमित यादव को एम0एस–सी० रसायन विज्ञान, सपना मिश्रा को एम०एस–सी० वनस्पति विज्ञान, अजय कुमार पाठक को एम0एस–सी० प्राणि विज्ञान, सुष्मिता प्रभाकर को एम०एस–सी० सूक्ष्म जीव विज्ञान, जोहा खांन को एम०एस–सी० पर्यावरण विज्ञान में सर्वाधिक अंक प्रदान करने पर स्वर्णपदक प्रदान किया गया। इसी के साथ आशुतोष शुक्ला को एम0एस–सी०



(गणित), राशि अग्रवाल को एम०कॉम० रोशनी राजभर को एम0एस–सी० गृहविज्ञान (फूड–न्यूट्रीशन), पूनम वर्मा को एम०एस सी० गृहविज्ञान (चाइल्ड डेवेलपमेन्ट), पंच्चाली कश्यप को एम०डी०एस० (पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री), विजय लक्ष्मी सिंह को एम०एस–सी० (नर्सिंग), सूर्यकान्त वाजपेयी को एम०पी०एड०, कु० राशि सिंह को एम०बी०ए० (आवासीय परिसर) फरीहा रईन को एम0एस–सी० जैव तकनीकी (आवासीय परिसर), स्नेहलता पाण्डेय को एम0एस–सी० जैव रसायन विज्ञान (आवासीय परिसर), खुशी द्विवेदी को एम०एस–सी० गणित एवं सांख्यिकी (आवासीय परिसर), स्तुति गुप्ता को एम०ए० अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास (आवासीय परिसर), आइशा को इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व (आवासीय परिसर), अलसना अहमद को एम0एस–सी० सूक्ष्म जीव विज्ञान (आवासीय परिसर), अजिता मिश्रा को एम0एस–सी० पर्यावरण विज्ञान (आवासीय परिसर), हर्षित सिंह को एम०सी०ए० (आवासीय परिसर) अभिषेक कुमार पाण्डेय को एम०बी०ए० एग्री–बिजनेस (आवासीय परिसर), विनय कुमार पाण्डेय को एम0बी0ए0 एग्री–बिजनेस (आवासीय परिसर), वैभव अवस्थी को एम०बी०ए० फाईनेन्स कन्ट्रोल आवासीय परिसर), किशन कुमार को एम०बी०ए० हॉस्पिटैलटि मैनेजमेन्ट (आवासीय परिसर), मिथलेश कुमार सिंह को एम०बी०ए० टूरिज्म मैनेजमेन्ट (आवासीय परिसर), नेहा मिश्रा को एम०ए० अंग्रेजी (आवासीय परिसर), स्वाती खरे को एम०ए० एम०सी०जे० (आवासीय परिसर), गरिमा गौतम को एम०पी–एच० (आवासीय परिसर), आलोक कुमार को एम०एस० डब्लू (आवासीय परिसर), महेश पति मिश्रा को एम०ए० एम०टी०ए० (आवासीय परिसर), राजकपूर को एम०लिब० (आवासीय परिसर), जितेन्द्र कुमार पाण्डेय को एम0एस0डब्लू, अंशिका को एम0ए0 मानव चेतना योग विज्ञान एवं उपचार (आवासीय परिसर), ममता को एम0ए0 मानव चेतना योग विज्ञान एवं उपचार (आवासीय परिसर), कार्तिकेय उपाध्याय को गवर्नेन्स इन पब्लिक पॉलिसी (आवासीय परिसर) की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक दिया गया।वहीं दूसरी ओर राज्यपाल द्वारा छात्र–छात्राओं को दान स्वरूप स्वर्ण पदक प्रदान किए गए जिसमें रणजंय स्वर्ण पदक पूजा अग्रवाल को एम०ए० हिन्दी, रणवीर स्वर्ण पदक रूबी को एम०ए० संस्कृत, साहित्य महारथी डॉ० रमा शंकर तिवारी स्वर्ण पदक काजल सिंह को एम0ए0 अंग्रेजी, गणेश दत्त शुक्ला स्वर्ण पदक अनिता देवी को एम०ए० प्राचीन इतिहास, डॉ० डी०एस० भाकुनी स्वर्ण पदक अमित यादव को एम०एस–सी० रसायन विज्ञान, सेठ द्वारिका दास झुनझुनवाला स्वर्ण पदक शुभम को बी०ए०, राजा जगदम्बिका प्रताप नारायण सिंह स्वर्ण पदक अनुज कुमार वर्मा को बी०एस० सी०, सर पदमपत सिंहानिया स्वर्ण पदक प्रिया सिंह को बी०कॉम०, रमेन्द्र मोहन मिश्र स्वर्ण पदक चंचल तिवारी को बी०एस०–सी० प्राणि विज्ञान, स्व० विष्णु कुमार कपूर स्मृति स्वर्ण पदक सिकन्दर को स्नातक स्तर पर संगीत विषय, स्व० एस० पी० तिवारी स्मृति स्वर्ण पदक अम्बिका गुप्ता को एम0ए0 अर्थशास्त्र, गौरव आरोड़ा स्वर्ण पदक कु0 राशि सिंह को एम०बी०ए० (आवासीय परिसर), डॉ० विश्वमित्र उपाध्याय स्वर्ण पदक आइशा को इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व (आवासीय परिसर), ई० एस० चन्द्रशेखर स्वर्ण पदक खुशी द्विवेदी को एम०एस–सी० गणित एवं सांख्यिकी (आवासीय परिसर), स्व० राम कृष्ण सिन्हा स्मृति स्वर्ण पदक स्तुति गुप्ता को एम०ए० अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास (आवासीय परिसर), स्व0 राजीव रंजन राय स्मृति स्वर्ण पदक ऋषिकेश सिंह को एम०बी०ए० मार्केटिंग (आवासीय परिसर), स्व० डॉ० प्रदीप कुमार सिंह स्मृति स्वर्ण पदक कु0 शिवाली सिंह को एम०ए० राजनीति शास्त्र की परीक्षा में सर्वाधिक अंक स्वर्ण पदक मिला।

# विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बायोटेक्नोलॉजी के डॉ. प्रदीप कुमार को फेलोशिप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायो टेक्नोलॉजी विभाग के डॉ प्रदीप कुमार को विज्ञान के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए फेलोशिप प्रदान की गई। यह फेलोशिप वाराणसी के एक समारोह में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर नोनी साइंस, आई सी ए आर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेजिटेबल रिसर्च वाराणसी और इंडियन सोसाइटी ऑफ वेजिटेबल साइंस द्वारा प्रदान की गई। 17 एवं 18 दिसंबर 2021 को आयोजित थर्ड वर्ल्ड नोनी कांग्रेस वाराणसी में हुई। इसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार को उनके द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किये गए योगदान हेतु इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर नोनी साइंस की फेलोशिप प्रदान की गयी। यह पुरस्कार उन्हें कृषि विश्वविद्यालय फैजाबाद के पूर्व कुलपति प्रोफेसर कीर्ति सिंह द्वारा दिया गया। डॉ प्रदीप कुमार की बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 60 से भी अधिक शोध पत्र और कई पुस्तकें प्रकाशित है। लगभग 22 वर्षों से पूर्वी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में फोलिक एसिड के महत्व पर जनता को वह लगातार जागरूक कर रहे



है। डॉ.प्रदीप कुमार के मुताबिक फोलिक एसिड हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इससे हमारा पाचन अच्छा होता है और पेट संबंधी दिक्कतें कम होती हैं। कब्ज, जी मिचलाने और दस्त जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए फोलिक एसिड युक्त फूड्स का इस्तेमाल किया जाता है। पूरे शरीर में ऑक्सीजन का संचार सुचारू ढंग से हो इसके लिए भी फोलिक एसिड की जरूरत होती है। अगर आपके शरीर में फोलिक एसिड की कमी है तो आपको कई परेशानियां हो सकती हैं। इसके निदान के लिए वह ग्रामीणों को हमेशा जागरुक करते रहे हैं।

# एन.एस.एस.के कार्यक्रम अधिकारी व स्वयंसेवक हुए सम्मानित : कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने दी बधाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय सेवा योजना,उत्तर प्रदेश एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ विश्वविद्यालय में मुस्कुराएगा इंडिया मीट 2021 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 10 सितंबर,2021 से 10 अक्टूबर,2021 के बीच मानसिक स्वास्थ्य माह हेतु किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 21 मेंटल हेल्थ काउंसलर,25 स्वयंसेवियो एवं 10संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 03 कार्यक्रम अधिकारी ध्मेन्टल हेल्थ काउंसलर जिसमें राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जौनपुर के डॉ.संतोष कुमार पाण्डेय, कुटीर पीजी कॉलेज चक्के,जौनपुर के डॉ.श्रीनिवास तिवारी एवं डॉ.अख्तर हसन रिजवी शिया पी.जी. कालेज,जौनपुर के डॉ. अवधेश कुमार मौर्य एवं 05 स्वयंसेवकों जिसमें राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बृजमोहन गुप्ता,आफताब और कुटीर पीजी कॉलेज चक्के, जौनपुर के सत्यम,अवंतिका एवं वर्षा सिंह को मुस्कुराएगा इंडिया के यंग एम्बेसडर पुरस्कार से तथा 02 संस्थाओं, राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जौनपुर एवं कुटीर पीजी कॉलेज चक्के, जौनपुर को भी उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने सम्मानित सभी कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं संस्थाओं को बधाई दिया और कहा कि कोविड काल में आप सभी ने कोरोना से भयभीत लोगों की काउंसलिंग करके मानवता की महत्वपूर्ण सेवा किया है जिससे पूरा विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। कुलसचिव महेंद्र कुमार,कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव एवं नोडल अधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने सम्मानित टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी उपलब्धियों द्वारा पूर्वांचल विश्वविद्यालय को प्रदेश में पुनः गौरव हासिल करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक कुमार श्रोती, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य संपर्क अधिकारी एवं मुस्कुराएगा इंडिया के संयोजक डॉ. अंशुमाली शर्मा, मुस्कुराएगा इंडिया के सह संयोजक डॉ. प्रकाश चौधरी, यूनिसेफ से श्री शैली , पी. एच. एफ. आई., नई दिल्ली के डॉ. समरेश गुप्ता, डॉ. नीलम वहरे, डॉ. माननी श्रीवास्तव, डॉ. शालिनी सोनी एवं उत्तर प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयो एवं महाविद्यालयों से आए हुए विजेता एम.आई. काउंसलर एवं स्वयंसेवक शामिल हुए।

# राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव द्वारा हुसेनाबाद मोहल्ले में तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का किया गया लोकार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के हुसेनाबाद मोहल्ले में तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण आवाज एवं शहरी नियोजन राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव जी द्वारा किया गया इस तालाब का निर्माण जल निगम की कार्यदाई संस्था सीएनडीएस द्वारा कराया गया जिसकी लागत लगभग 581 लाख रुपए है इस तालाब चारों तरफ लाइटिंग और तालाब के बीच में फव्वारा भी लगाया गया है तालाब के समीप राज्य मंत्री द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। लोकार्पण के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में मोहल्ले वासियों द्वारा आवास एवं शहरी नियोजन राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव जी को और पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह जी को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा इन विधानसभा में राज्य मंत्री के प्रयास से पिछले साढे 4 साल जितना काम हुआ है काकी सन 1973 में पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 कमलापति त्रिपाठी के प्रयास से शास्त्री पुल बना था उसके बाद अब योगी जी की सरकार मैं बड़ी बड़ी परियोजना इस जनपद में हो रही है। आवास एवं शहरी नियोजन राज्य मंत्री ने



कहा चुनाव के दौरान मैंने जिन वादों को किया था आज वह सभी पूरे हो हो रहे हैं सीवर प्रोजेक्ट , एसटीपी प्रोजेक्ट, नमामि गंगे द्वारा घाटों का निर्माण, पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 10 करोड़ रुपया से मंदिरों का सुंदरीकरण व घाटों का निर्माण, गोमती नदी में दो बड़े पुलों का निर्माण और दो पीपे के पुल का निर्माण और बहुत से परियोजना मैंने लगातार प्रयास कर अपने विधानसभा में करवाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन नंदराम यादव सभासद ने किया और कार्यक्रम के आयोजक गिरीश कुमार सिंह पप्पू ने सभी का आभार प्रकट किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ,अशोक श्रीवास्तव ,विनोद चौबे ,श्याम मोहन अग्रवाल, रजनीश सिंह, मनीष श्रीवास्तव सभासद ,रोहित सिंह ,अरविंद चौबे, जयप्रकाश सिंह ,किरण प्रताप सिंह आशीष गुप्ता ,नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी, अखिलेश शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, अरविंद सिंह ,प्रदीप तिवारी, राजेश सिंह दामोदरा ,जय सिंह, शिव शंकर यादव, सुनीत प्रकाश श्रीवास्तव प्रदीप तिवारी, सुरेश अस्थाना, सुभाष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना रामपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त एक मोटरसाइकिल व एक देशी तमन्चा मय जिन्दा कारतूस गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के निर्देशन तथा थानाध्यक्ष रामपुर ओमनारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में सधीरनगंज बाजार में संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की चौकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे जो पुलिस को देखकर भागने लगे , आवश्यक बल का प्रयोग करते हुये एक बाइक सवार को पकड लिया गया । जबकि दुसरा व्यक्ति मौके से भागने में सफल रहा । पकडे गये अभियुक्त के पास से एक देशी तंमचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतुस बरामद हुआ । पकडे गये अभियुक्त से पूछताछ पर पता चला कि दोनो अभियुक्त किसी संगीन घटना को अंजाम देने जा रहे थे । पूछताछ पर बताया कि दूसरे अभियुक्त के पास भी एक नाजायज तमंचा हैं । पकडे गये अभियुक्त संजय गौतम पुत्र कड़ेदिन निवासी जमालापुर थाना रामपुर जौनपुर को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 203/21 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा गया । अभियुक्तगणों की आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्त का




विवरण– 1. संजय गौतम पुत्र कड़ेदिन निवासी जमालापुर थाना रामपुर जौनपुर। वाछित अभियुक्त का नाम– 1. राज सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह उर्फ भोले सिंह निवासी पट्टी जमालापुर थाना रामपुर जौनपुर।बरामदगी का विवरण–1. एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 एदद जिंदा कारतुस। 2. एक अदद एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल नं0 यूपी 62 बीआर 8147। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री ओमनारायण सिंह थाना रामपुर जनपद जौनपुर । 2.उ0नि0 राजेश कुमार सिंह निवासी थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 इन्द्रदेव सिंह थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 4. का0 वकील चौहान थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 5. का0 आकाश चौहान थाना रामपुर जनपद जौनपुर । 6. का0 सुभाष विक्रम थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

# पुष्प सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज इंसाफ नगर सेक्टर 10 इंदिरा नगर लखनऊ में छात्र–छात्राओं के बीच पुष्प सज्जा प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें यूनिटी, पीस, होप, जॉय हाउस के छात्र – छात्राओं ने भाग लिया। हाउस लीडर के नेतृत्व में बच्चों ने



पुष्प सज्जा करना सीखा और कंपटीशन में भाग लिया तथा उत्प्रेरक एवं उत्साहवर्धक पुष्प सज्जा की। सभी शिक्षक– शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं अतिथियों ने बच्चों की प्रशंसा की। प्राचार्य श्रीमती शिवानी वर्मा ने बताया कि होप हाउस का प्रथम स्थान रहा। पीस हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। प्रबंधक हिमांशु वर्मा ने उत्कृष्ट एवं प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

# नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

आर एल पाण्डेय लखनऊ। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ,नई दिल्ली ,भारत सरकार,द्वारा प्रायोजित नई रोशनी स्कीम के अंतर्गत छ दिवसीय नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्था मानव विकास परिषद लखनऊ द्वारा नंदा खेड़ा क्षेत्र में दिनांक १३दिसंबर से १८ दिसंबर तक संपन्न कराया गया।प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न रिसोर्स पर्सन के द्वारा विधिक जानकारी प्रदान की गई।साथ ही संस्था द्वारा चाय,नाश्ता,लंच आदि भी प्रदान किया गया।और कार्यक्रम के अंत में सभी २५



महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्र ,अभय मिश्रा एडवोकेट,प्रेमा मिश्रा एएनएम आरती ,खुश देवी,ज्ञानमती,एवम रहिला बेगम ने भाग लिया।

# विद्यार्थी परिषद ने फूंका कुलपति का पुतला

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगरा विश्वविद्यालय के द्वारा खंदारी परिसर में आगरा विश्वविद्यालय के तानाशाह कुलपति के विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में भाषा विज्ञान संस्थान एवं डी फार्मा,फार्म डी, कोर्स बंद किए जाने हेतु कल विश्वविद्यालय के कुलपति का घेरब कर दोनों कोर्स को पुनः संचालन हेतु मांग की। आगरा विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष पुनीत कुमार ने कहा कि आवासीय परिसर में अध्ययनरत छात्रों की परेशानियों के संदर्भ में एक छात्र संगठन



होने के नाते आपका ध्यान आकर्षित करा विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान संस्थान जो कि प्रदेश के सबसे उच्च संस्थानों में से एक है विश्वविद्यालय में लगभग 60 वर्षों से चल रहा है, प्रत्येक वर्ष इस संस्थान में देश भर से विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं, इसी प्रकार इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में प्रवेश लिया है, आधा सत्र बीत चुका है लेकिन अभी तक कक्षाएं शुरू नहीं हुई हैं और विश्वविद्यालय के द्वारा छात्रों को संस्थान को बंद करने की धमकी दी जा रही है। विश्वविद्यालय के छलेसर कैंपस में डी फार्मा एवं फार्म डी के कोर्स के लिए विश्वविद्यालय के द्वारा आवेदन मांगे गए थे जिसमें प्रदेश भर के छात्रों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन किये गये लेकिन आधा सत्र बीत जाने के बावजूद अभी तक छात्रों के प्रवेश नहीं हुए हैं जिससे छात्रों के सत्र 2021–22 प्रभावित होगा। अतः जल्द से जल्द छात्रों के प्रवेश कर विधिवत कक्षाएं प्रारंभ की करने की मांग की थी परंतु कोई ठोस आस्वासन न मिलने की बजह से खंदारी परिषर के मुख्य गेट पर कुलपति का पुतला दहन किया गया। इकाई मंत्री आर्यन नोहावार कहा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रों की समस्या के दृष्टिगत पुतला दहन किया है अगर उक्त छात्र समस्याओं का विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यथाशीघ्र निराकारण कर छात्र हित में निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और भी उग्र रूप धरण करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। प्रदर्शन करने बालों में दौरान नितिन माहेश्वरी,रमन शर्मा,शुभम कश्यप,चंद्रजीत यादव,आकाश सिंह,कर्मवीर बघेल,तान्या सिंह, सुब्रत हरदेनिया,मोहित यादव,सुमित शर्मा, मधु,आकाश,दीपक कश्यप,नरेश, कुलदीप,महेंद्र बघेल,हेमंत,धीरज, माधव त्यागी,आशीष राजपूत,गीतम सिंह,एवं अन्य उपस्थित रहे।

# प्रजापति समाज की पीड़ा को लेकर राज्यमंत्री से मिले युवा समाजसेवी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के सिपाह अन्तर्गत प्रजापति बस्ती के मूल निवासी प्रजापति समाज अपने पारम्परिक और व्यवसाय से जीवन यापन करते रहे जिस पर लगने वाले ग्रहण को लेकर गम्भीर प्रजापति समाज के लोग प्रारम्भिक पैतृक व्यवसाय चलाने के लिये रविवार को सदर विधायक एवं राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव से मिले। नगर के युवा समाजसेवी शैलेश यादव के नेतृत्व में प्रजापति बस्ती के लोगों ने मिट्टी न मिलने से बड़ी परेशान को लेकर राज्यमंत्री



से मिले। इस दौरान श्री यादव ने कहा कि नये नियमों और मिट्टी के लिए सरकार द्वारा स्थान निश्चित न कराने से विभिन्न प्रकार के मिट्टी का बर्तन बनाने हेतु मिट्टी नहीं मिल पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रजापति समुदाय के लोगों को नहर एवं पोखरा आवण्टित किया गया है। श्री यादव ने प्रजापति समाज की तरफ से अपनी बात रखते हुए राज्य मंत्री श्री यादव से कहा कि यदि इनको मिट्टी न मिली तो इनके सहित इनका पूरा परिवार भूखमरी के कगार की ओर बढ़ रहा है। पत्रक लेते हुये मंत्री जी ने आश्वासन दिया। साथ ही अपर जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर को आदेशित किया कि इस प्रकरण पर उचित कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर शैलेश यादव, संजय शर्मा, के अलावा दिलीप प्रजापति, दीपक प्रजापति, मुलायम प्रजापति, जिया लाल प्रजापति, पन्ना लाल प्रजापति, मंगरू प्रजापति, बांके लाल प्रजापति, गुड्डू प्रजापति, गीता प्रजापति, प्रमिला प्रजापति, सुनीता प्रजापति, शिवम प्रजापति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# एमजीएसअल अमन स्कूल में मनाया गया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

डीकेयू बागपत ब्यूरो : बागपत के पांची गांव में स्थित एमजीएसअल अमन स्कूल में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग बागपत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की जानी–मानी हस्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मेरठ के उप निदेशक मोहम्मद तारिक ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों और उनके लिये सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। सेंट मैरी इंटर कॉलेज रटौल के प्रबंधक फादर पीटर प्रकाश ने बताया कि कोरोना काल में उन्होंने सेंट मैरी स्कूल रटौल के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की फीस जमा की। उनके इस पुण्य कार्य की कार्यक्रम में आये सभी लोगों ने जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करने वाले मुफ्ती अली मोहम्मद साहब ने बच्चों की अच्छी तालीम पर जोर दिया और शिक्षा के क्षेत्र में दिये जा रहे अहम योगदान के लिए स्कूल की संचालिका गुलिस्ता मुमताज की प्रशंसा की। प्रसिद्ध समाजसेवी प्रमोद गोस्वामी ने स्कूल की संचालिका गुलिस्ता मुमताज को हिन्दुस्तान की मलाला बताते हुए




सभी को उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने को कहा। कहा कि जिस प्रकार वह लोगों में शिक्षा की अलख जगा रही है वह काबिले तारीफ है। कार्यक्रम का संचालन युवा चेतना मंच बसौद के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी व शायर मास्टर सत्तार अहमद द्वारा किया गया। गुलिस्ता मुमताज ने कार्यक्रम में आये सभी आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इस्लाम अंसारी, महमूद अंसारी, मुफ्ती श्यामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद आबिद, मास्टर वाजिद अली, मास्टर राशिद, मास्टर गुड्डू, इरफान प्रधान, कारी रियाजुद्दीन, कारी जान मोहम्मद, राज्य सरकार से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, डॉ मजहर, मास्टर असलम, मास्टर दानिश, मास्टर गुलजार आलम, रूकसाना बेगम, गुंजन सिसोदिया, शिवानी त्यागी, गुलजार, मॉस्टर राशिद अली हिलवाड़ी, मोहम्मद दानिश आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अखिलेश यादव सिर्फ ढाई फीसदी लोगों के नेता हैं– शाहनवाज आलम

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में मुसलमान साढ़े 19 प्रतिशत हैं। कांग्रेस के पास पिछले उप चुनाव के हिसाब से 13 प्रतिशत वोट था। 28 प्रतिशत पर पूर्ण बहुमत की सरकार बन जाती है। अगर मुसलमान कांग्रेस के साथ आ जाएं तो उत्तर प्रदेश में एक सेकुलर और प्रगतिशील बहुमत वाली सरकार बन जायेगी। ये बातें अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा हर रविवार को फेसबुक लाइव के माध्यम से होने वाले स्पीक अप कैंपेन के 26 वीं कड़ी में कांग्रेस नेताओं ने कहीं। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि अखिलेश यादव इस वक्त सिर्फ ढाई प्रतिशत आबादी के नेता हैं क्योंकि उनकी बिरादरी जो कुल 5 प्रतिशत है उसका आधा से ज्यादा हिस्सा सपा छोड़ कर जा चुका है। जो बचे भी हैं वो मुसलमानों से वोट तो ले लेते हैं वोट देते नहीं हैं। पिछले चुनाव में भी अखिलेश यादव की बिरादरी ने सपा को वोट नहीं दिया था। इसीलिए सपा के 47 विधायकों में 17 मुसलमान थे और 13 यादव विधायक भी मुस्लिम बहुल सीटों से ही जीत पाए थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को मुसलमानों से चिढ़ है इसीलिए मुस्लिम नेताओं को उनके मंच से भगाया और पीटा जा रहा है।




शाहनवाज आलम ने कहा कि मुस्लिम समाज सोचने लगा है कि जब अखिलेश यादव आजम खान के नहीं हुए, जब सपा के मंच से मुस्लिम नेताओं को धक्का दे कर भगाया जा रहा है तो फिर मुसलमान साइकिल की सवारी क्यों करे। उन्होंने कहा कि मुसलमान यह भी देख रहा है कि सीएए–एनआरसी विरोधी आंदोलन की हिंसा में मारे गए लोगों के बीच सिर्फ प्रियंका गांधी ही गयीं। अखिलेश तो आजमगढ़ भी नहीं गए जहाँ से वो सांसद हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमान अब पूरी तरह कांग्रेस में घर वापसी का मन बना चुका है।

# शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान एवं सराहनीय कार्यों के लिए टॉप वूमेन इटंर प्रेन्योर उच्च महिला उद्यमी पुरस्कार से किया गया सम्मानित

आर एल पाण्डेय लखनऊ। एशिया की प्रसिद्ध इलेक्टस व टेक्नोलॉजी मध्यपूर्व प्रीमियर टेक्नोलॉजी और कांटेक्ट कंसलटेंसी के सामूहिक सहयोग से दिल्ली के एंमबेंस कन्वेंशन होटल में 22वे उच्च स्तर शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली, पत्रिका और पोर्टल के तत्वाधान में संपन्न हुआ इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम में अनेक नीति निर्धारक, गणमान्य व्यक्ति उद्योग विशेषज्ञ ,बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी, विदेशी राजनयिक एवं अनेक उभरती प्रतिभागिओं ने भाग लिया । इस विशेष कार्यक्रम में अवध कॉलेजिएट की प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर ब्रह्मजोत कौर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और सम्मेलन को संबोधित करते हुए संचार एवं प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला




और जनरेशन की शैक्षिक प्रणाली में परिवर्तन एवं ई–लर्निंग माध्यम के महत्व को समझाया । शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान एवं सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें टॉप वूमेन इटंर प्रेन्योर उच्च महिला उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# जेसीआई व्यक्तित्व विकास की युवाओं की सबसे बड़ी संस्था : डा. संदीप पाण्डेय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के एक होटल में जेसीआई जौनपुर के नवचयनित अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये अन्तर्राष्ट्रीय रूप से जेसीआई के इतिहास पर प्रकाश डालते हुये भारत में जेसीआई के उद्भव के बारे में बताया। साथ ही आगे कहा कि जेसीआई जौनपुर की स्थापना 1963 में हुई। तब से अनवरत रूप से जेसीआई उन्नति के शिखर पर अग्रसर है। उन्होंने अपने आने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुये कहा कि 26 दिसम्बर को शपथ ग्रहण समारोह के साथ इसी महीने में कम्बल वितरण का कार्य, विकलांग विद्यालय में ड्रेस वितरण का कार्य, मतदाता जागरूकता रैली इत्यादि आयोजित किये जायेंगे। इसी क्रम में पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने आगामी कार्यक्रमों के लिये शुभकामना दी। पूर्व मण्डलाध्यक्ष आलोक सेठ ने बताया कि जेसीआई जोन तृतीय से निकले हुये बहुत सारे लोगों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन किया है। जोन वाइस प्रेसीडेंट गौरव सेठ ने कहा कि जेसीआई विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कराकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करता है। पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल ने कहा कि हमारी संस्था एक संदेश देने का कार्य करती है। पूर्व अध्




यक्ष धर्मेन्द्र सेठ ने कहा कि जेसीआई स्वयं को विकसित करने की एक बड़ी संस्था है। पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि जेसीआई नेतृत्व विकसित करने का कार्य करती है। पूर्व अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने नवचयनित अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रदीप जायसवाल ने किया। इस अवसर पर नीरज श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, संतोष मेडिकल, शिवेन्द्र सेठ, रमेश श्रीवास्तव, राजेश्वर मिश्रा, आशुतोष जायसवाल, मनीष चौरसिया, अतुल जायसवाल, सत्य प्रकाश जायसवाल, अजयनाथ जायसवाल, विशाल वर्मा, चित्रगुप्त वाचस्पति, मनीष मौर्या, आकाश केसरवानी, हफीज शाह, राकेश सोनी, अजय गुप्ता सहित पूरा जेसीआई परिवार उपस्थित रहा।

# 16 माह बाद रामलला का दर्शन कर महंत नृत्य गोपाल दास ने मंदिर निर्माण के कार्यों का भी किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष मणिराम दास छावनी पीठाधीश्वर महंत नृत्य गोपाल दास महाराज ने रविवार को तकरीबन 16 माह बाद श्रीराम जन्मभूमि पहुंच दर्शन–पूजन किया।सूत्र के मुताबिक इसके बाद उन्होंने मंदिर निर्माण हेतु किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया।उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रहते यह असंभव कार्य संभव हो रहा है।इस मौके पर उन्होने कहा कि यहाँ पर कुशल इंजीनियरों के मार्गदर्शन में तीव्रता से कार्य हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि दो वर्षों के उपरांत श्रीराम लला अपने गर्भ गृह में अवश्य विराजमान हो जाएंगे। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास ने कहा मैं सदैव कहता रहा की देश और प्रदेश की बागडोर कुशल और कर्मठ हाथों में है यानी मोदी और योगी के रहते ही मंदिर निर्माण की समस्या का समाधान हो जाएगा जो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हो भी गया। उन्होंने कहा लक्ष्य अगर पवित्र और धर्म संगत हो तो स्वयं



परमात्मा सहयोग करते हैं। यहां तो स्वयं परमात्मा विराजमान होने वाले हैं।नृत्य गोपाल दास ने कहा केंद्र और राज्य की सरकार समाज हित में लगातार कार्य कर रही है।काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण से संपूर्ण देश में मोदी जी के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ लोग हर्षित हैं।इस दौरान छावनी ट्रस्ट सचिव कृपालु राम दास पंजाबी बाबा ट्रस्ट सदस्य डॉ अनिल मिश्रा, संत जानकी दास, शरद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मासूम बेटी की हत्या के आरोपी पिता गिरफ्तार करने का एसएसपी शैलेश पाण्डेय ने किया दावा

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस समय उनके निर्देशन मे अपराधा एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत इनायत नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।इस संबंध में उन्होने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अपनी 2 वर्ष की मासूम बेटी को पटक कर मार डालने के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।उन्होने बताया कि वही पकड़े गए हत्याभियुक्त को पुलिस ने जेल भेज दिया है।बताते चलें कि जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारून चौकी क्षेत्र स्थित एमके मार्क ईट भट्ठा पर काम कर रहे एक भट्ठा श्रमिक ने नशे में धुत होकर अपनी दूसरी पत्नी से कहासुनी के बाद पहली पत्नी की 2 वर्षीय बेटी दिव्या को उठाकर जमीन पर पटक दिया था जिसके चलते मासूम बालिका की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।इस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने मामले में आरोपी पिता लोकनाथ पुत्र तुलसीराम बरिहा निवासी पिलुआपाली




पोस्ट सुखीपाली थाना पिथौरा जनपद महासमुन्द के विरुद्ध धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपी पिता को प्रभारी निरीक्षक ने हमराही उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी बारून अमित कुमार चौकी के साथ मुखबिर खास की सूचना के आधार पर बारून बाजार तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए हत्यारोपी पिता को पुलिस टीम थाने ले आई तथा उसे हत्या के आरोप में जेल भेज दिया है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक के अलावा कांस्टेबल राजबहादुर यादव व कांस्टेबल सुनील पटेल शामिल रहे।

# तेईस दिसंबर को भूपेश बघेल की होने वाली जनसभा होगी ऐतिहासिक–अखिलेश यादव

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल दिनांक 23 दिसंबर को बीकापुर विधानसभा के ग्राम जलालपुर में दिन में 12:00 बजे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया होने वाली उपरोक्त जनसभा को व्यापक रूप प्रदान करने हेतु तैयारी बैठक पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव व संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी हनुमंत विश्वकर्मा ने कहा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता भूपेश बघेल जी की जनसभा हेतु अपनी पूरी ताकत झोंक दें।उन्होंने सभी को आवश्यक दिशा–निर्देश देकर जनपद के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रभारी को विश्वास दिलाया कि 23 दिसंबर को होने वाली उपरोक्त जनसभा ऐतिहासिक होगी और उसके लिए सभी कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत एवं सामर्थ से जुटे हुए हैं। तैयारी बैठक में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह,उग्रसेन मिश्रा,पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा,पीसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला,अशोक कुमार सिंह,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय तिवारी,शरद शुक्ला,मधु पाठक,सुनीता निषाद,रामनरेश मौर्य,शैलेश पांडे,राम सागर रावत,रामचरित्र वर्मा,राजेश तिवारी बाबा,बृजेश रावत,रूद्र प्रताप सिंह रिशु,नीलम कोरी,राजदेव वर्मा,श्रीनिवास शास्त्री,ईश्वरदास जायसवाल,भीम शुक्ला,बलबीर सिंह कोरी,विवेक,डॉ विनोद गुप्ता,डीएन वर्मा,राम कुमार मिश्रा,अब्दुल हकीम,अमित पाठक,राकेश कुमार निषाद,धर्मेंद्र सिंह फास्टर,मोहम्मद अहमद टीटू,नंदकुमार सोनकर,चंचल सोनकर,प्रेम कुमार पाण्डेय,अभी उदयसिंह,दीप कृष्ण वर्मा,शरद कुमार त्रिवेदी,रामचरित्र मौर्य,दिनेश चौधारी,रामकरन कोरी,बसंत मिश्रा,राम निहाल मौर्य,अमर चंद्र कौशल,सुशील यादव,निक्कू राम कोरी,भगवान दास रावत,अरविंद श्रीवास्तव,ज्योति श्रीवास्तव,राजकुमार गुप्ता,फूलचंद यादव,सुनील गुप्ता,बृहस्पति मणि पांडे,शत्रुघ्न प्रसाद,अंकित जैन,दिनेश कुमार शुक्ला,भोला नाथ यादव,रामसूरत,द्वारिका पांडे सहित सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# उ. प्र. जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ का शिक्षण सम्मान कार्यक्रम हुआ आयोजित

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)पूर्व मा. वि. अगूरीबाग, अयोध्या के प्रांगण में उ. प्र. जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ का शिक्षण सम्मान द्य उन्नयन संगोवठी प्रातः 10:00 बजे से शुरू हुई। संगोष्ठी में 20 सेवानिवृत अध्यापकों को शाल एवं धार्मिक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, लखनऊ के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल ने की। अधिवेशन में जनपद की नई इकाई के गठन की भी घोषणा की गई, चुनाव के पर्यवेक्षक के रूप में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, अमेठी के अध्यक्ष अब्दुल रशीद रहे। अब्दुल रशीद द्वारा जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के इतिहास पर चर्चा की गई। जिले की वरिवन्ता सूची एवं 22–1ठ पर समरजीत सिंह द्वारा जानकारी देते हुये इनमें आने वाली समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान का आश्वसन दिया गया। प्रान्तीय संयुक्त मेली श्री आदित्य नारायण मिश्र द्वारा कोर्ट में लम्बित याचिका से सम्बन्धित जानकारी दी गई। विकास खण्ड मया में अध्यक्ष के रिक्त पद पर हैदर अली, प्र.अ., पू. मा. वि. रुहीयावाँ का मनोयन किया गया। जिला अध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री पर पर अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष पद पर राम सागर गुप्ता, उपाध्यक्ष के छ पदों पर हेमन्त गुप्ता, दिनेश कुमार वर्मा . गीता गुप्ता, मनोज कुमार, रमाशकर एवं रेखा दूबे, संयुक्तके छ पदो पर, मनीष रस्तोगी, राकेश कुमार वर्मा, संजय कुमार लल्लू वर्मा, सुशीला निर्भय एवं निशि श्रीवास्तव, मंत्री पद पर राकेश कुमार वर्मा, आडीटर पद पर विजय कुमार यादव, लेखाकार पद पर रखाविजय योगी का निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुईं।

## जीआईसी मैदान पर आज अमृत महोत्सव का रंगारंग समापन हुआ

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जीआईसी मैदान पर आज अमृत महोत्सव का रंगारंग समापन हुआ। देश 75वां आजादी का वर्षगांठ मना रहा है जिसके तहत आज जीआईसी के मैदान पर अमृत महोत्सव का समापन किया गया।इस मौके पर हजारों लोगों ने वंदे मातरम गीत गाया और भारत माता की आरती उतारी। अमृत महोत्सव समिति के संयोजक महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि अमृत महोत्सव समापन के दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने वंदे मातरम गीत गया और भारत माता की आरती उतारकर वर्तमान पीढ़ी को आजादी के दीवानों की कहानियों के बारे में रूबरू कराया गया। इसके साथ ही आज ही के दिन शहीद हुए अशफाक उल्ला खां को श्रद्धांजलि दी गई। हेलीकॉप्टर क्रैश हादसे में शहीद हुए सीडीएस जनरल बिपिन रावत को भी श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही सैनिक परिवार के लोगों का सम्मान भी किया गया। इस मौके पर दीपिका सिंह दीदी महानगर अमृत महोत्सव समिति की सदस्य के अलावा महापौर ऋषिकेश उपाध्याय अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता रहे मौजूद।

# अयोध्या मंडल कारागार में काकोरी एक्शन कांड के महानायक शहीद अशफाक उल्ला खान का मनाया गया शहादत दिवस

अयोध्या( संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। मंडल कारागार में आज ही के दिन 19 दिसंबर 1927 को फैजाबाद के कारागार में अशफाक उल्ला खान को फांसी दी गई थी। इस मौके पर शहीद अशफाक उल्ला खां को श्रद्धांजलि दी गई।शहादत दिवस के मौके पर तीन विभूतियों को माटी रतन सम्मान भी दिया गया।अपूर्व जोशी,डॉ नुसरत मेंहदी व सैयद आबिद हुसैन को भी माटी रतन सम्मान दिया गया। शांति सिंह स्मृति छात्रवृत्ति, गीता देवी निबंध प्रतियोगिता डॉ शैलेश पांडेय स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन किया गया। अशफाक उल्ला खान मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने इस कार्यक्रम काआयोजित किया।संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पांडे मंडल कारागार के अधीक्षक शशीकांत मिश्रा मौजूद रहे।मुख्य अतिथि के




रूप में महात्मा गांधी नेशनल काउंसिल फॉर रूरल एजुकेशन हैदराबाद के वाइस चेयरमैन भरत पाठक,अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय भी रहे मौजूद।

# सरयू म्यूजिक फेस्टिवल अयोध्या कि प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रकने का अनोखा प्रयास

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) पुलिस लाइन के मैदान में बीती रात सरयू म्यूजिक फेस्टिवल का किया गया आयोजन जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह विशिष्ट अतिथि एएसपी/ क्षेत्राधिकारी नगर पलाश बंसल थे कार्यक्रम के प्रायोजक यस पैका लिमिटेड के द्वारा किया गया, कार्यक्रम का आयोजन अर्थ संवत फाउंडेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अनिरूद्ध वर्मा कलेक्टिव 21 आर्टिस्टिक के साथ शंकरा गीत गाकर लोगों को मन मुगध किया, संयुक्त म्यूजिक फेस्टिवल के आयोजक अर्थ संवर्त फाउंडेशन के सीएमडी और संस्थापक अभिषेक सिंह ने बताया कि संस्था अयोध्या की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रखने में और विश्व मंच पर मान्यता दिलाने में जुटी हुई है और सरयू म्यूजिक फेस्टिवल इस लक्ष्य के प्रति एक पहल है। साथ ही उन्होंने मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति को हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कहा कि मंत्रालय का समर्थन संस्था को अयोध्या के प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रखने में प्रोत्साहन देता है। इस मौके पर मुख्य अतिथि विशाल सिंह ने कहा कि अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलना चाहिए इससे आंतरिक जागरूकता बढ़ती है। एएसपी पलाश बंसल ने सरयू म्यूजिक फेस्टिवल कार्यक्रम को करा रहे संयोजक की सराहना की स सरयू म्यूजिक फेस्टिवल के प्रायोजक यश पैक्का के संपर्क प्रमुख श्री गौतम घोष जी ने कहा कि, ''अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी को ध्यान रखते हुए, कंपनी, अर्थ संवर्त फाउंडेशन के सरयू म्यूजिक फेस्टिवल का प्रयोजन करके सहयोग देती है और संस्था के स्वच्छ सरयू अभियान को समर्थन देती है। सरयू म्यूजिक फेस्टिवल के आयोजन का एक एहम भाग अर्थ संवर्त फाउंडेशन के स्वयं सेवक भी थे जो नियमित तौर पर हर रविवार संस्था के द्वारा चलाये गए स्वच्छ सरयू अभियान में श्रमदान देते हैं और साथ ही संस्था के लोकप्रिय ग्रुप फ्रेंड्स ऑफ सरयू रिवर के मेंबर्स भी शामिल हुए। मौके पर शहर के गणमान्य नागरिक व अधिकारीगण रहे मौजूद स सरयू म्यूजिक फेस्टिवल के माध्यम से अर्थ संवर्त फाउंडेशन ने सर्दियों में गौमाता को जानलेवा ठण्ड से बचने के लिए उनके काऊ कोट अभियान कि भी जानकारी दी जिसमे में अयोध्यावासी योगदान दे सकते हैं।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 84 शिकायतों मे 5 का मौके पर निस्तारण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस 84 शिकायतीपत्र आये जिनमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस मे भाकियू के सुर्यनाथ वर्मा ने पाँच सूत्री ज्ञापन उपजिलाधिकारी व विधायक को सौंपा।ज्ञापन मे मांग की गई कि ग्राम जमुनिया मऊ में राशन कार्ड से अपात्र लोगों का नाम हटाया जाए जिस के स्थान पर गरीब व असहाय व्यक्तियों का नाम जोड़ा जाए।भारतीय किसान यूनियन के पात्र कार्यकर्ताओं को कंबल उपलब्ध कराया जाए।धान क्रय केंद्रों पर किसानों को काफी परेशान किया जा रहा है धीमी तौल की जा रही है जिससे किसान परेशान हो जाते हैं। गरीब किसान लोग झोपड़ी में रहते हैं उन्हें पीएम आवास दिलाया जाए।जिन प्राइमरी स्कूल में चूल्हे पर खाना बनाया जाता है उस पर रोक लगाकर गैस पर बनाया जाए।मांगपत्र देने वालों में रामू विश्कर्मा,राजकुमार यादव,शंकर पाल पांडे,फूलचंद यादव आदि शामिल रहे।मोहल्ला पूरा खान रुदौली निवासी लक्ष्मी पुत्री जगजीवन प्रसाद ने दबंगों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत की।कोटरा निवासी मोहम्मद शाहिद ने पीड़ित की भूमि में जबरदस्ती अवैध खुदाई व नाला निर्माण कार्य रुकवाए जाने के संबंध में शिकायती पत्र दिया।मखदूम ज्यादा रुदौली निवासिनी मुस्लिमन निशा ने विधवा पेंशन के लिए शिकायती पत्र दिया।कंचन पुरवा निवासी रामनाथ ने नल का चबूतरा बनवाए जाने हेतु शिकायती पत्र दिया।इसके अलावा पैमाइश ,अवैध कब्जा, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास,विद्युत विभाग,पुलिस विभाग आदि से संबंधित शिकायतें पेश हुइ। तहसीलदार रुदौली प्रज्ञा सिंह ने बताया कि समाधान दिवस मे कुल 84 शिकायते आई जिसमे मौके पर 5 का निस्तारण हुआ है।इस मौके पर विधायक रामचन्द्र यादव,वरिष्ठ पूर्ति निरीक्षक विनोद यादव,सीओ एसपी तिवारी,नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार, अधिशासी अधिकारी रण विजय सिंह,कोतवाल रुदौली शशिकांत यादव,राजस्व निरीक्षक ब्रिजेश कुमार,विश्वनाथ सिंह,राम दुलारे तिवारी, लेखपाल रवि प्रकाश पाठक, बृज नाथ दूबे, यशवंत प्रताप,रोशन कुमार सहित दर्जनो अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा समूचे उत्तर प्रदेश में अपने छह संगठन क्षेत्रों से जन विश्वास यात्राएं निकालेगी

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) नागरिकों के बीच सरकार का रिपोर्ट कार्ड ले जाकर उनका भरोसा हासिल करने और जनता के विश्वास का रंग गाढ़ा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी रविवार से समूचे उत्तर प्रदेश में अपने छह संगठन क्षेत्रों से जन विश्वास यात्राएं निकालेगी। सभी विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरने वाली इन यात्राओं के जरिए सांस्कृतिक विरासत की महत्ता उकेरने के साथ राष्ट्रवाद का संदेश भी जन–जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। साथ ही हिंदुत्व के मुद्दों को और धार देने के लिए एजेंडें में शामिल धार्मिक स्थानों का चयन भी यात्राओं के रोड मैप में किया गया है। ऋषि मुनियों और क्रांतिकारियों की धरा से यात्रा निकाल कर राष्ट्रभक्ति के तापमान को बढ़ाए रखने का काम किया जाएगा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत पार्टी के दिग्गज नेता इन यात्राओं का शुभारंभ करेंगे। यात्राओं की शुरुआत जनसभा से होगी। इन यात्राओं के जरिये प्रदेश के सभी हिस्सों और विधान सभा क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचने की कोशिश होगी। यात्राओं के जरिये संगठन के कामकाज और पार्टी के संभावित उम्मीदवारों का दमखम भी परखा जाएगा। यात्राओं के लिए स्थानों का चयन भी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के एजेंडा को ध्यान में रखकर किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने रविवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि पहली जन विश्वास यात्रा महाराजा सुहेलदेव राजभर और रामायण मेला के प्रणेता डा. राममनोहर लोहिया की जन्मस्थली अंबेडकरनगर से शुरू होगी जिसका शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। यात्रा शुभारंभ सभा में प्रदेश चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर भी उपस्थित रहेंगे। यात्रा अंबडेकर नगर से अयोध्या, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी होते हुए लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में समाप्त होगी। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि ये विश्वास का संकट कांग्रेस, कम्युनिस्टों ने पैदा किया है. हमारा संकल्प है प्राण जाए पर वचन न जाए. उन्होंने बताया कि लोग कहते थे, जनसंघ वाले आते हैं तो 370 हटाने की बात करते हैं, हमने धारा 370 चुटकी बजाकर खत्म किया. वहीं, अब अयोध्या में मंदिर बन रहा हैं, मैं मानता हूं कोर्ट का फैसला है, पर ईश्वर को यही मंजूर था कि बीजेपी सरकार के वक्त रहते मंदिर बने, हमारा संकल्प था कि पुराने मंदिर वापस खड़े हों। जोकि ऐसा हो भी रहा है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर में जीर्णोद्धार का अगर किसी ने काम किया तो मोदी जी ने किया है. साथ ही बाबा विश्वनाथ काशी में मंदिर देखकर आपकी छाती चौड़ी हो जाएगी। यह यात्रा महबूबगंज से गोसाईगंज विधानसभा में प्रवेश करेगी उसके बाद गोसाईगंज से तारुन में सभा को विधि एवं न्याय मंत्री वृजेश पाठक संबोधित करेंगे, उसके बाद रामपुर भगन में यात्रा का स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा यात्रा मिल्कीपुर विधानसभा के इनायतनगर में सभा होगी। मिल्कीपुर बाजार में स्वागत के पश्चात यात्रा अमानीगंज बाजार पहुंचेगी उसके बाद डाक बंगला रुदौली पर सभा होगी उसके बाद लोहिया पुल से सहादत गंज चौराहे पर यात्रा के पहुंचने पर भव्य स्वागत होगा उसके बाद यह यात्रा महानगर में भ्रमण करेगी। जन विश्वास यात्रा अयोध्या में रात्रि विश्राम करेंगी उसके बाद 21 तारीख को समूह की अयोध्या विधानसभा का भ्रमण कर गोंडा की तरफ से प्रस्थान करेगी। यात्रा के संयोजक जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह डिम्पल ने बताया कि यात्रा को लेकर पूरे जनपद के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है।

# जनपद में नियुक्त किए गए व्यय अनुवीक्षण सेल में उड़न दस्ता

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार के निर्देशन में जनपद में नियुक्त किए गए व्यय अनुवीक्षण सेल में उड़न दस्ता, वीडियो निगरानी टीम तथा मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुवीक्षण कमेटी का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष अयोध्या में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र सिंह एवं मुख्य कोषाधिकारी अनुराग गुप्ता द्वारा दिया गया, प्रशिक्षण में आयोग के निर्देशों के अनुसार बताते हुए उन्हें यह अवगत कराया गया कि अधिसूचना से लेकर के मतदान तक आपको आयोग के अंग के रूप में कार्य करना है और व्यय अनुवीक्षण पुस्तिका में दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने अपने दायित्वों का भली–भांति अध्ययन करते हुए उड़न दस्ता एवं वीडियो निगरानी टीम द्वारा अनुपालन सुनिश्चित कराना है यह भी अवगत कराया गया कि दस लाख से अधिक की धनराशि लेकर चलने पर उसका प्रमाण दिखाना अनिवार्य होगा, वीडियो निगरानी टीम द्वारा प्रतिदिन की वीडियोग्राफी की पेन ड्राइव शाम को अनिवार्य रूप से वीडियो अवलोकन टीम को उपलब्ध कराया जाएगा द्वारा प्रतिदिन वीडियो निगरानी टीम के माध्यम से प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी को आलोकित करते हुए छाया प्रेषण रजिस्टर में लेखा टीम के माध्यम से अंकित कराया जाएगा और प्रत्याशियों के व्यय लेखा रजिस्टर में अंकित करना होगा प्रशिक्षण में सभी टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुवीक्षण कमेटी द्वारा आयोग के निर्देशानुसार प्रचार प्रसार को प्रतिदिन देखते हैं और कमेटी के निर्णय के पश्चात संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को उपलब्ध कराते हुए अवशेयकतानुसार उससे संबंधित सूचना निर्धारित प्रारूप पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कार्यालय के आलम तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक तौसीफ अहमद उपस्थित रहे

## उपजा इकाई अयोध्या ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में बीते 8 दिसंबर को मिग हेलीकॉप्टर क्रैश में सीडीएस बिपिन रावत सहित 13 लोगों के शहीद होने पर सिविल लाइन स्थित गांधी पार्क में गांधी प्रतिमा के सामने कैंडल जलाकर उपजा अयोध्या द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपजा इकाई के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में गांधी प्रतिमा के सामने कैंडल जलाकर सेना के हेलीकॉप्टर क्रैश में सीडीएस बिपिन रावत उनकी पत्नी मधुलिका रावत लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह विंग कमांडर पीएस चौहान स्क्वाड्रन लीडर के सिंह जेडब्ल्यूओ दास प्रदीप ए हवलदार सतपाल नायक गुरसेवक सिंह जितेंद्र लांस नायक विवेक कुमार साईं तेजा तथा घायल अरुण सिंह के शहीद होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जनरल बिपिन रावत के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके निधन पर दुख व्यक्त किया गया। शहीद हुए सेना के जवानों के प्रति 2 मिनट का मौन रख रखा गया। इस दौरान उपजा संगठन ने उनकी आत्मा की शांति के लिए उन्हें स्वर्ग में स्थान देने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। अयोध्या इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता महामंत्री डीके तिवारी उपाध्यक्ष राकेश वैद अजय श्रीवास्तव बिस्मिल्लाह खान संगठन मंत्री पवन पांडेय मोहम्मद तुफैल रवि मौर्य महानगर अध्यक्ष महेंद्र कुमार उपाध्याय उदयन आर्य मीसम खान रजत चौधरी प्रमोद शंकर पांडेय आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## आजादी का 75वां अमृत महोत्सव राम सुमिरन इंटर कॉलेज में भव्यता के साथ सम्पन्न

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) सम्पूर्ण देश में जनचेतना एवं राष्ट्रीय जागरण के रुप में 15 अगस्त 2021 से 15 अगस्त 2022 तक मनाया जा रहा, आजादी का 75वां अमृत महोत्सव कार्यक्रम। जनपद के ब्लॉक हैरिंगटनगंज के शाहगंज मुकीमपुर क्षेत्र के राम सुमिरन इन्टर कॉलेज में भारत माता की भव्य रथ यात्रा एवं भारत के महान, वीर देश भक्त शहीदो की स्मृति को समर्पित आकर्षक झांकी का प्रदर्शन विद्यालय के भव्य प्रांगण में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी क्षेत्र के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान में शुमार राम सुमिरन इण्टर कॉलेज के प्रबंध निदेशक इ. पवन तिवारी ने दी। श्री तिवारी ने उक्त कार्यक्रम को भारत माता के वीर सपूतों के प्रति महान श्रद्धांजलि एवं जन मानस हेतु देश की आजादी को स्मरण दिलाने वाली एक अद्वितीय पहल बताई। जिसकी भूरि–भूरि प्रशंसा विद्यालय के बुद्धिजीवी शिक्षकों, हजारों विद्यार्थियों एवं सैकड़ों की संख्या में विद्यालय प्रांगण में मौजूद क्षेत्रवासियों ने भी की। कार्यक्रम की भव्यता एवं कुशलतापूर्वक सम्पन्नता को देखते हुए कार्यक्रम के संचालक दल में जोश एवं संतुष्टि की झलक देखने को मिली। दल के सदस्यों को विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र से अलंकृत कर सम्मानित किया गया। संयोजक दल में आनंद सोनी, महेश उपाध्याय, पुष्कर तिवारी, सोनी के साथ, विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका शुक्ला, वंदना चतुर्वेदी, दिनेश कुमार, प्रीत शर्मा, उम्मे सलमा, शिवमणि, कमलेंद्र प्रताप, सीमा पांडेय, प्रभाकर शुक्ला, सीमा यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।